<u>**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित उपयोग हेतु**</u>

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2026

# अंक-योजना

# हिंदी 'आधार' विषय कोड – 302

# प्रश्न-पत्र कोड-- 2/3/1

**सामान्य निर्देश:-**

1. **सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) करने का निर्णय लिया है।**
2. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।
3. **मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना बोर्ड के विभिन्न नियमों / भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।**
4. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से और निष्ठापूर्वक किया जाए। **मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जाएँ। कक्षा XII में दक्षता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय, कृपया दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और यदि उत्तर अंक-योजना के अनुसार नहीं है, लेकिन परीक्षार्थी द्वारा व्यक्त दक्षता सही है, तो उचित अंक दिए जाएँ।**
5. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य-बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशानिर्देश हैं और पूर्ण उत्तर नहीं हैं। विद्यार्थी अपने अनुसार अभिव्यक्ति दे सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है, तो तदनुसार अंक दिए जाएँ।
6. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि कोई भिन्नता पाई जाती है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे शून्य कर दिया जाना चाहिए। शेष उत्तर पुस्तिकाएँ, जिनका मूल्यांकन किया जाना है, तभी दी जाएँगी जब यह सुनिश्चित हो जाए कि प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के अंकन में कोई महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं है।

7. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।
8. यदि किसी प्रश्न के कई भाग हैं, तो कृपया प्रत्येक भाग के लिए OSM पोर्टल के दायीं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न भागों के लिए दिए गए अंकों का OSM सिस्टम द्वारा कुल योग किया जाएगा।
9. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो OSM पोर्टल में बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ। इसके अनुपालन में दृढ़ता बरती जाए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना होगा और प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण स्पॉट मूल्यांकन दिशानिर्देशों में दिया गया है)।**
13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-
    - परीक्षार्थी के जिन उत्तरों को सही माना गया है, लेकिन अंक नहीं दिए गए हैं। (सुनिश्चित करें कि सही उत्तर के लिए सही (√) का निशान स्पष्ट रूप से लगा हो। गलत उत्तर के लिए गलत (X) का निशान भी लगा हो।)
    - उत्तर का आधा या आंशिक भाग सही और शेष गलत माना गया, लेकिन इसके लिए कोई अंक नहीं दिए गए हों।
    - उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
    - उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से कम अंक देना।
14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूरी तरह से गलत पाया जाता है, तो उसे क्रॉस (X) के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और शून्य (0) अंक दिए जाने चाहिए।
15. **वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों को स्पॉट मूल्यांकन गाइडलाइन में दिए गए दिशा-निर्देशों से स्वयं को परिचित कर लेना चाहिए।**
16. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।
17. **यदि कोई परीक्षार्थी किसी प्रश्न में दोनों विकल्पों का उत्तर देने का प्रयास करता है जबकि केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना अनिवार्य है, तो मूल्यांकनकर्ता दोनों विकल्पों में अंक प्रदान करेगा। सिस्टम दोनों में से उच्चतर अंक को लेगा और दूसरे उत्तर को अनदेखा कर देगा।**
18. **जिन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास परीक्षार्थी द्वारा नहीं किया गया है, उन प्रश्नों को परीक्षक "NA" (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा।**

# MARKING SCHEME

## Hindi Core (Subject Code-302)

## (PAPER CODE : 2/3/1) (Series : Q3SPR)

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

| Q.No. | EXPECTED OUTCOMES/VALUE POINTS | Full Marks | Steps/ Marks |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | **18** | |
| **1.** | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : | **10** | |
| | **बहुविकल्पी-** | | |
| **(i)** | **(D)** संस्कृति, चेतना और पर्यावरण की आत्मा | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | **(A)** सभी प्रकार के जीवन की विविधता | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | **(C)** कथन सही है, किंतु कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक-** | | |
| **(iv)** | • मौन शक्ति का शब्दों से नहीं, कर्मों से बोलना<br>• मौन रहकर, आत्मनिरीक्षण कर स्वयं में सुधार एवं ऊर्जा का संरक्षण<br>• मौन भी अपने आप में एक अभिव्यक्ति<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(v)** | • सफलता-प्राप्ति के लिए, लक्ष्य की सिद्धि के लिए पथ पर बने रहना आवश्यक<br>• संयम, धैर्य, निरंतरता और स्थायित्व ही लक्ष्य-प्राप्ति के प्रमुख साधन<br>• धीमी चाल में भविष्य की गूँज सुनाई देना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(vi)** | • कछुओं के अवैध व्यापार पर प्रतिबंध<br>• समुद्र तटों का अतिक्रमण रोकना<br>• प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>(परीक्षार्थी द्वारा दिए गए अन्य उचित विचार भी स्वीकार्य) | **1** | **Step 1-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vii) | **क्यों-**<br>● प्रजनन (अंडे देने) के लिए<br>**खतरा-**<br>● जल, प्रकाश प्रदूषण से<br>● मानवीय हस्तक्षेप/ लालच से<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| 2. | अपठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : | 8 | |
| | **बहुविकल्पी-** | | |
| (i) | (A) जीवन की सार्थकता को | 1 | Step 1-1 Mark |
| (ii) | (B) जिंदगी | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iii) | (C) बड़बोलापन | 1 | Step 1-1 Mark |
| | **वस्तुपरक-** | | |
| (iv) | ● कली का आत्मकेंद्रित और फूल का परोपकारी होना<br>● कली का अपनी पूँजी (सुंदरता, खुशबू) को स्वयं तक सीमित रखना, जबकि फूल द्वारा दूसरों के काम आने एवं सर्वस्व समर्पण की भावना में विश्वास रखना<br>● कली का वाचाल और फूल का समझदार होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | Step 1-2 Marks |
| (v) | ● संसार के स्वार्थी होने के कारण किसी के काम न आना<br>● अपना सौंदर्य और गंध पाने के लिए कली द्वारा कष्टों और काँटों की चुभन को अकेले ही झेलना | 2 | Step 1-2 Marks |
| (vi) | (उपयुक्त तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 1 | Step 1-1 Mark |
| | **खंड – ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | 22 | |
| 3. | किसी **एक विषय** पर 120 शब्दों में रचनात्मक लेख :<br>विषयवस्तु : 4 अंक | 6 | Step 1-4 Marks<br>Step 2-1 Mark<br>Step 3-1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रस्तुति : 1 अंक<br>भाषा : 1 अंक | | |
| **4.** | किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों में** अपेक्षित : | **4x2=8** | |
| **(i)** | ● सीधा पिरामिड शैली - घटना के घटित क्रम के अनुसार समाचार लिखा जाना<br>● उलटा पिरामिड शैली - समाचार लिखते समय उसका चरमोत्कर्ष प्रारंभ में तथा शेष घटना-क्रम की व्याख्या करते हुए अंत किया जाना | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(ii)** | ● समाचार पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो और टी.वी. चैनेलों में विषय-विशेष से जुड़ी खबरों को प्रकाशित और प्रसारित करने योग्य बनाने की विशेष व्यवस्था / स्थान<br>● डेस्कों पर काम करने वाले पत्रकारों का एक अलग समूह | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iii)** | **समस्या -**<br>● कहानीकार द्वारा वर्णित टिप्पणियों या पात्रों के मानसिक द्वंद्व को व्यक्त करने की<br>**हल -**<br>● स्वगत कथन / वायस ओवर द्वारा | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **(iv)** | **सावधानी -**<br>● कहानी सिर्फ घटना प्रधान न हो<br>● अवधि सीमित हो<br>● पात्र संख्या सीमित हो<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>**क्यों -**<br>● अधिक घटनाओं का श्रोताओं के लिए उबाऊ होना<br>● श्रोताओं की एकाग्रता की अवधि 15 से 20 मिनट होना<br>● बहुत अधिक पात्रों के साथ संबंध बनाने में कठिनाई<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (v) | **क्या -**<br>● परंपरागत विषयों पर निर्भरता छोड़ नए विषयों के लेखन का अभ्यास<br>● सार्थक एवं सुसंगत विचारों को लिखने का अभ्यास<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>**कारण -**<br>● तैयार सामग्री पर निर्भरता से लिखित अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास न हो पाना<br>(अन्य तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **5.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x4=8** | |
| (i) | **महत्व -**<br>● अर्थ (धन-संपत्ति) - जीवन का मूलाधार<br>● कारोबार, व्यापार और अर्थ जगत से जुड़ी खबरों में पाठकों की विशेष रुचि<br>● राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच पारस्परिक संबंध<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>**अपेक्षा -**<br>● आर्थिक पत्रकार के लिए देश की राजनीति और अर्थ-जगत में हो रहे सतत बदलाव की जानकारी<br>● विशेष और सामान्य दोनों वर्ग के पाठकों को संतुष्ट करने की कला | 4 | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-2 Marks** |
| (ii) | **चरण -**<br>● फ़्लैश या ब्रेकिंग न्यूज<br>● ड्राई एंकर<br>● फ़ोन – इन<br>● एंकर-विजुअल<br>● एंकर – बाइट<br>● लाइव<br>● एंकर – पैकेज | 4 | **Step 1-4 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (संक्षिप्त परिचय अपेक्षित) | | |
| **(iii)** | • शीर्षक, दिनांक, नाम और स्थान संबंधी औपचारिकताएँ : **1** अंक<br>• विषयवस्तु : **2** अंक<br>• भाषा : **1** अंक | **4** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-2 Marks**<br>**Step 3-1 Mark** |
| | **खंड – ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **40** | |
| **6.** | पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर : | **5x1=5** | |
| **(i)** | (B) बात का प्रभावहीन हो जाना | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (D) 1–(i), 2–(iii), 3–(ii) | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (D) लोगों से मिलने वाली प्रशंसा के कारण | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (A) भाषा को अलंकृत करने की | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **7.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | **तुलना -**<br>• कविता और फूल दोनों ही खिलते हैं, लेकिन कविता के खिलने अर्थात विकास प्रक्रिया को प्राप्त करने, नए-नए भाव एवं अर्थग्रहण करने और फूल के खिलने में अंतर है।<br>**किसका -**<br>• कविता का<br>**क्यों-**<br>• फूल का खिलना और महकना क्षणिक और कविता शाश्वत<br>• फूल की सुगंध और सौंदर्य अल्पकालिक जबकि कविता का प्रभाव अनंतकाल तक | **3** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark**<br>**Step 3-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • कविता फूल से अधिक सुंदर, कविता का समय के साथ नए संदर्भों से युक्त होकर पाठकों / श्रोताओं को रस प्रदान करना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(ii)** | **अंत किस रूप में-**<br>• नाटकीय ढंग से मीड़ियाकर्मी की खीझ और खिसयानी मुस्कुराहट के साथ<br>**सफल-**<br>• नहीं<br>**तर्क-**<br>• अपाहिज व्यक्ति और दर्शक दोनों को एक साथ रुला पाने में असफल<br>• उद्देश्यपूर्ति से पहले समय-समाप्ति<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark**<br>**Step 3-1 Mark** |
| **(iii)** | • बड़वाग्नि (समुद्र की आग)<br>• नैतिक–अनैतिक, धर्म-अधर्म सभी प्रकार के कर्म करने में संकोच नहीं<br>• पेट की आग शांत करने के लिए अपनी संतान तक को बेचने के लिए विवश | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **8.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| **(i)** | • क्रांति से शोषक वर्ग ही प्रभावित<br>• समाज के निम्न वर्ग का सामाजिक क्रांति का सूत्रधार होना और उससे लाभान्वित होना | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(ii)** | • काले बादलों से भरे आकाश में पंक्तिबद्ध उड़ते सफेद बगुलों के सौंदर्य की माया में कवि का बँधना<br>• इस सौंदर्य को आँखों से ओझल न होने देने की चाहत | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iii)** | • दोनों में कोमलता, निर्मलता और लचीलापन<br>• दोनों परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल लेने में सक्षम | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **9.** | पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर : | **5x1=5** | |
| **(i)** | (D) अपनी अजेय जिजीविषा के कारण नि:स्पृह भाव से प्रचंड गरमी में अविचल खड़ा रहता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (C) शिरीष के फूलों को औरों से श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (A) नीरस | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (D) वसंत | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (D) अल्पावधि से अवधिहीनता अच्छी है | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **10.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | • केश मुँडाने से मना किए जाने पर शास्त्रों का हवाला देकर कहना- तीरथ गए मुँडाए सिद्ध<br>• घर में इधर-उधर रखे पैसों को उठाकर रखना चोरी न मानकर संभालकर रखना मानना<br>• पढ़ाई-लिखाई से बचने के लिए घर के काम का हवाला देना | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(ii)** | **आशय –**<br>• आत्मबल की कमी, लालच और स्वार्थ व्यक्ति में संचय की प्रवृति (संग्रह) को बढ़ाकर उसे सांसारिक विषय-वासनाओं में उलझाए रखते हैं।<br>**संदर्भ -**<br>• भगत जी जैसे संयमी व्यक्ति की विशेषताओं को बताने के संदर्भ में | **3** | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **(iii)** | **उपाय -**<br>• पूजा - पाठ और कथाविधान<br>• इंदर सेना का कीचड़ में लथपथ होकर वर्षा की गुहार लगाना<br>• गाँव वालों द्वारा उन पर पानी का अर्घ्य चढ़ा, इंदर को प्रसन्न करना और वर्षा की अभिलाषा करना<br>**तर्क –**<br>(परीक्षार्थी द्वारा दिए गए तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | **3** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **11.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| **(i)** | ● गाँव का भय से डरे हुए शिशु की तरह काँपना<br>● सन्नाटा, अँधेरा और निस्तब्धता का साम्राज्य<br>● रोज दो-तीन लाशें उठना, घर के घर खाली हो जाना<br>● गाँव का प्राय: सूना होना<br>● सूर्योदय के साथ काँखते, कराहते लोगों का एक-दूसरे को ढाढ़स बँधाना<br>● सूर्यास्त के बाद गाँववासियों में बोलने की शक्ति का भी न रहना (कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(ii)** | ● भक्तिन के अंदर सम्मान और सद्भाव की मात्रा उतनी ही, जितनी साहित्यिक बंधुओं के मन में लेखिका के प्रति<br>● लेखिका का कौन कितना सम्मान करता है, यह अद्‌भुत ढंग से जान लेना - भक्तिन की विस्मित करने वाली सहज बुद्धि का परिचायक | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iii)** | **आवश्यकता -**<br>● कार्य कुशलता के लिए<br>**कमी -**<br>● श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन एवं विभाजित वर्गों में भी ऊँच-नीच का भेद<br>● मनुष्य की रुचि एवं योग्यता पर आधारित न होना<br>● जीवन भर एक ही पेशे से बाँधना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **12.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x5=10** | |
| **(i)** | **संदर्भ -**<br>● यशोधर बाबू द्वारा अपने मातहत काम करने वाले कर्मचारी चड्ढा की धृष्टता का जवाब देते हुए कहना<br>**विशेषताएँ -**<br>● परंपरा और सिद्धांतवादी<br>● वाकपटु<br>● कर्मठ एवं परिश्रमी<br>● संवेदनशील | **5** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-4 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • धार्मिक<br>(किन्हीं चार विशेषताओं का विस्तार अपेक्षित) | | |
| **(ii)** | **व्यवहार का औचित्य-**<br>(उचित अथवा अनुचित के पक्ष में परीक्षार्थी के उपयुक्त तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य)<br>**परिवर्तन-**<br>• वर्तमान में कानूनी दृष्टि से शारीरिक दंड पर पूरी तरह से प्रतिबंध<br>• बच्चों को समझाने के लिए प्रेम, सहानुभूति, खेल और विभिन्न प्रकार की क्रियात्मक गतिविधियों का समावेश<br>• बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर समस्या का समाधान खोजने पर बल<br>(अन्य उपयुक्त तर्कपूर्ण मुक्त विचार भी स्वीकार्य)<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-3 Marks**<br>**Step 2-2 Marks** |
| **(iii)** | • सिंधु-घाटी सभ्यता की उन्नत नगर योजना, उत्कृष्ट वास्तु कला यह सिद्ध करती हैं हमारे पूर्वज हमसे कहीं अधिक कुशल और दूरदर्शी<br>• खुदाई में मिले 700 से अधिक कुएँ, महाकुंड, स्नानागार, जल निकासी का समुचित प्रबंध<br>• सिंधु नदी के बाढ़ से बचाव के लिए पूरा नगर टीलों पर बसाना<br>• पकी ईंटों से कुँओं, कुंड, स्नानागार और नालियों का निर्माण<br>• मैले पानी की निकासी का प्रबंध, कुंड में बाहर के गंदे पानी को आने से रोकने की व्यवस्था<br>• कुंड में पानी के लिए कुएँ की व्यवस्था<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-5 Marks** |